# ऑडिटोरियम में हुआ कैरियर गाइडेंस सेमिनार : कलेक्टर-एसपी के साथ आईएएस, आईपीएस अधिकारियों ने दिए सफलता के टिप्स

- सैकड़ों की संख्या में अधिकारियों को सुनने पहुंचे स्कूल कॉलेज के छात्र
- चुनौतियों को स्वीकार करने वाले को ही मिलती है सफलता-कलेक्टर सिन्हा
- भविष्य में कुछ हासिल करना है तो मेहनत और एकाग्रता बेहद जरूरी-एसपी सदानंद कुमार
- सब्जेक्ट पर पकड़ बनाने उसे व्यवहारिक सोच के साथ पढ़े-सीईओ मिश्रा

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के दिशा-निर्देशन एवं जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा के कुशल नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा आज नगर निगम ऑडिटोरियम में कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया। जहां आगे क्या करें, अपने लक्ष्य का क्या निर्धारण करें, ऐसे अननिगत सवाल लेकर जिले के विभिन्न स्कूल और कॉलेजों के सैकड़ों बच्चे ऑडिटोरियम पहुंचे थे। इन बच्चों के साथ अपने अनुभव बांटने के लिए कलेक्टर और एसपी के साथ जिले में तैनात आईएएस, आईपीएस और एसएएस ऑफिसर्स उपस्थित थे, जिन्होंने इन परीक्षाओं में न सिर्फ टॉप रैंक के साथ सफलता अर्जित की है बल्कि आज वे जिले में जिम्मेदार ओहदों पर हैं।



कैरियर गाईडेंस सेमिनार को संबोधित करते हुए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि यह व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह किस क्षेत्र को अपने कैरियर के लिए चुनता है। सिविल सर्विसेस, व्यापार, एग्रीकल्चर या कोई अन्य क्षेत्र। समाज व देश के हित में सभी का अपना महत्व है, कोई काम बड़ा या छोटा नहीं है। बात होती है कि उसे कितनी लगन या मेहनत से हम करें, यह सबसे महत्वपूर्ण होता है। पढ़ाई पूरी करने के बाद जो कैरियर बनाने के बहुत से विकल्प मिलते हैं, लेकिन सफलता उन्ही को मिलती है जो अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलते हैं। कठिन परिश्रम व सच्ची लगन के साथ जब कोई आगे बढ़ता है तो उसे सफलता अवश्य मिलती है। क्योंकि लगातार प्रयास करने से पत्थर पर भी निशान पड़ जाते है। मेहनत किसी भी कठिनाई को दूर कर सकती है। उन्होंने उपस्थित सभी बच्चों को महाभारत के धनुषधारी अर्जुन की कहानी बताते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य को लेकर इतने एकाग्र थे कि उन्हें सिर्फ चिड़िया की आंख दिखाई दी। यदि आपको भी अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना है तो चिड़िया की आंख की तरह अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए मेहनत करेंगे तो निश्चित ही सफलता मिलेगी। किसी भी युद्ध को जीतने के लिए रणनीति की जरूरत होती है, उसी प्रकार किसी भी परीक्षा की तैयारी करने के लिए आपको अच्छा मार्गदर्शन चुनना होगा और आगे बढना होगा।

पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने भी बच्चों को मोटिवेट करते हुए अपने लक्ष्य निर्धारण के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में हर सफलता को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत और एकाग्रता ही मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि नियमित पढ़ाई के बाद जब अपना कैरियर चुनने का समय आए तब आपके मन और इच्छा के अनुरूप ही आगे की पढ़ाई करें। इस दौरान उन्होंने बच्चों के मन में उठ रहे कई सवालों के भी जवाब दिए। बातों ही बातों में उन्होंने अपने बचपन से लेकर अभी तक के सफर को एक कहानी के रूप में बताया। कैसे एक मिडल क्लास का बच्चा पढ़ाई करके इस मुकाम तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि कभी भी दबाव में आकर कैरियर नहीं चुनना चाहिए।

सीईओ अबिनाश मिश्रा ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को सफल होने के लिए परम्परागत तरीकों से रटकर पढने की बजाए व्यवहारिक सोच के साथ अध्ययन करने की आवश्यकता है। इससे विषय की समझ बढ़ेगी और परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षा में दूसरों से आगे निकलकर अच्छे रैंक लाने पर सफलता मिलती है। इसके लिए जरूरी है परीक्षा के सिलेबस को समझ कर गहराई से सटीक रणनीति के साथ उसकी तैयारी करना अहम होता है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी बच्चों को स्कूल ऑफ रायगढ़ यू-ट्यूब पेज के बारे में बताया जिनमें सभी बच्चों के लिए विडियोज अपलोड किए गए हैं जिससे वे अपने झिझक को दूर कर सकें और वे आगे अपने कैरियर निर्धारण के बारे में जान सके।

युवा आईपीएस उदित पुष्कर ने कहा कि पढ़ाई के दौरान अगर गलतियां होती है तो उससे भागे नहीं बल्कि उस गलती को सुधारे। आगे सफलता जरूरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि सिविल सर्विसेज की परीक्षा पूरे देश में सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। हजारों लाखों युवा हर साल परीक्षा में शामिल होते हैं। लेकिन कुछ लोग ही सफलता के शिखर तक पहुंच पाते हैं। इसके पीछे उनकी कड़ी मेहनत तो होती ही है, पर परीक्षा के लिए तैयार की गई उनकी रणनीति सफलता में खास भूमिका निभाती है।

एसडीएम गगन शर्मा ने कहा कि आपको फैसला खुद को लेना है कि आपको क्या करना है। उसके लिए आपको बेस्ट देना होगा। अगर आप किसी भी कॉम्पीटिशन परीक्षा में फैल हो जाते है तो निराश मत होईये, बल्कि उसके बारे में गहन अध्ययन करें, आखिर हमसें कहां चूक हुई और हम फेल कैसे हो गये। अगर आप उस बीच की गलतियों को सुधार लेंगे तो आगे सफलता अवश्य मिलेगी। इस दौरान उन्होंने अपने कैरियर में अभी जिस मुकाम तक पहुंचे उसे उपस्थित बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि जिले में तैनात भारतीय प्रशासनिक व पुलिस सेवा के अधिकारियों के साथ राज्य लोक सेवा आयोग के अफसरों ने परीक्षा में टाइम मैनेजमेंट, प्रेशर मैनेजमेंट, सिलेबस को प्रभावी तरीके से कवर करना, स्कोरिंग आंसर लिखना जैसे पहलुओं पर कैसे काम किया जाए इन सब पर भी बात की। साथ ही बच्चों के सवालों के जवाब भी दिए।

इस अवसर पर एडिशनल एसपी संजय महादेवा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री अक्षा गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला, डीएमसी नरेन्द्र चौधरी, आलोक स्वर्णकार, सहयोग एकडेमी के संचालक अबरार हुसैन, राजेन्द्र कलेत, आशीष गोयल उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम का प्रभावी संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### गरियाबंद जिले के एकलव्य आवासीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों के लिए 27 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** गरियाबंद जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु अस्थाई रूप से मानदेय पर अध्यापन कार्य के लिए अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था हेतु पात्र लोगों से आवेदन मंगाये गए है। इस संबंध में आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी ने बताया कि अतिथि शिक्षक के लिए फ्रेश अभ्यर्थी या सेवानिवृत्त शिक्षक ऑफलाईन के माध्यम से 27 अप्रैल 2023 तक आवेदन कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए विभाग के वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन या जिले के वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट गरियाबंद डॉट जीओव्ही डॉट इन पर अवलोकन कर सकते हैं।

### पति की रिहाई के नाम पर पत्नी से 40 हजार की ऑनलाइन ठगी

**कोरबा (आरएनएस)।** चिटफंड से जुड़े मामले में महासमुंद जेल में बंद ग्राम कोथारी के एक व्यक्ति की रिहाई के लिये उसकी पत्नी से 40 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी कर लेने का आरोप हैं। रिपोर्ट पर पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। बताया गया हैं की उरगा थाना अंतर्गत ग्राम कोथारी निवासी पूर्व में चिटफंड कंपनी कार्यरत था। वह चिटफंड से जुड़े एक मामले में करीब ढाई माह पहले गिरफ्तार किया गया। तब से वह महासमुंद के जेल में बंद है। गिरफ्तारी के कुछ दिन बाद उसकी पत्नी के मोबाइल नंबर पर अलग-अलग नंबर से कॉल आने लगे। पति की जेल से जल्द रिहाई कराने का झांसा दिया गया। इसके लिए रुपए की व्यवस्था करने को कहा गया। अलग-अलग किस्त में ऑनलाइन 40 हजार रुपए जमा कराने के बाद और रकम की मांग की गई। इस पर पत्नी को ठगी का पता चला। इस पर उसने रकम वापस मांगी। तब ठग टालमटोल करने लगे। ऐसे में उसने उरगा थाना में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### जंगल में महुआ बीन रही महिला पर हाथी ने किया हमला

**कोरबा (आरएनएस)।** मानव-हाथी द्वंद को रोकने के लिए प्रचार-प्रसार से लेकर दूसरे स्तर पर वन विभाग पानी की तरह पैसे बहा रहा है, लेकिन नतीजे नजर ही नहीं आ रहे हैं। कोरबी क्षेत्र के जंगल में आज सुबह लोनर हाथी के हमले में 55 वर्षीय महिला बुरी तरह से जख्मी हो गई। उसका एक पैर फ्रैक्चर हो गया। महिला जंगल में महुआ बीनने गई थी, तब यह हादसा हुआ। पीड़िता को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कटघोरा फारेस्ट डिविजन के केंदई परिक्षेत्र में आज सुबह 6.30 बजे के आसपास यह घटना हुई। संबंधित क्षेत्र कोरबी का बताया जा रहा है। नजदीकी इलाके में निवास करने वाली महिला राधा बाई पति इतवार साय कोटवार अन्य दिनों की तरह महुआ बीनने के लिए जंगल गई हुई थी। क्षेत्र की और भी महिलाओं ने इस इलाके का रूख किया था जो अलग-अलग प्वाइंट पर महुआ संग्रहण करने में व्यस्त थीं। जिस हिस्से में राधा मौजूद थी, उसी तरफ एक हाथी का आना हुआ। इससे पहले कि महिला कुछ समझ पाती और अपने बचाव के लिए कुछ करती, हाथी ने उसे टारगेट किया। जल्दबाजी में भागने के दौरान हाथी ने उसे चपेट में लिया। घटना में महिला का एक पैर बुरी तरह से कुचल गया और वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ी।

# भीषण गर्मी : दोपहर में सड़कों में सन्नाटा

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में मार्च और अप्रैल की शुरुआत में सक्रिय सिस्टम के हटते ही तापमान ने लोगों को बेहाल कर दिया है. सुबह से ही सूरज की किरणें चुभने लगी हैं. दोपहर में सडक़ों पर आवाजाही कम हो गई है. बाजार में धीरे-धीरे भीड़ छंटती जा रही है. यह स्थिति तब है, जब तापमान अप्रैल के अपने अधिकतम स्तर पर नहीं पहुंचा है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक राजधानी रायपुर में ही अप्रैल में अब तक का सर्वाधिक तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस रहा है. यह स्थिति 30 अप्रैल 1942 की थी. वहीं, पिछले साल 29 अप्रैल को 44.1 डिग्री सेल्सियस तापमान था. 13 अप्रैल को अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस रहा. वहीं न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा।



अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 15.4 डिग्री सेल्सियस का अंतर है. वहीं आद्र्रता (।।ह्वद्वद्बस्रद्बह्ল4) 41 से 32 प्रतिशत के बीच है. हालांकि रायपुर के जलवायु लक्षण के मुताबिक यहां औसत आद्र्रता 42 से 23 प्रतिशत के बीच होती है. यानी 19 प्रतिशत का अंतर होता है. बता दें कि आद्र्रता कम होने पर ज्यादा गर्मी का अहसास होता है।

राज्य के दूसरे शहरों की बात करें तो जगदलपुर में औसत आद्र्रता 56 से 36 प्रतिशत के बीच होती है. औसत अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस होता है. इसी तरह पेंड्रारोड में औसत अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस होता है. औद्र्रता लगभग 34 से 24 प्रतिशत के बीच होती है।

राज्य के उत्तरी हिस्से अंबिकापुर की बात करें तो यहां अप्रैल महीने में औसत अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस होता है. औसत आद्र्रता 39 से 23 प्रतिशत होती है।

अप्रैल में सबसे गर्म रहा रायपुर रायपुर अप्रैल में सर्वाधिक तापमान – 46.1 डिग्री सेल्सियस (30 अप्रैल 1942 को) 2022 में 29 अप्रैल को - 44.1 डिग्री सेल्सियस बिलासपुर अप्रैल में सर्वाधिक तापमान – 45.8 डिग्री सेल्सियस (19 अप्रैल 2010)

# छत्तीसगढ़ के कॉलेजों में प्रवेश लेने की उम्र का बंधन समाप्त छात्र-छात्राओं की संख्या में 48 प्रतिशत की हुई वृद्धि

- पिछले 4 वर्षों में 33 नवीन शासकीय महाविद्यालय की हुई स्थापना

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के कॉलेजों में प्रवेश लेने की उम्र की सीमा समाप्त किए जाने से पढऩे के इच्छुक लोगों को पढ़ाई का फिर से मौका मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नए कॉलेज प्रारंभ किए जा रहे हैं। साथ ही कॉलेजों में विभिन्न विषयों के नए-नए संकाय प्रारंभ किए जा रहे हैं। राज्य के कॉलेजों में लड़कियों के प्रवेश लेने की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। यह छत्तीसगढ़ के लिए शुभ संकेत है, आने वाले दिनों में महिलाओं को सशक्त होने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल की पहल पर उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के स्तर की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नैक के द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदण्डों के अनुरूप शैक्षणिक अधोसंरचना एवं अकादमिक स्तर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड पर नैक से संबद्धता प्राप्त करने का अभियान प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में नैक से मूल्यांकित कॉलेजों की संख्या 192 हो गई है।

सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि कॉलेज में प्रवेश लेने वालों छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जहां 2018-19 में करीब 2 लाख 26 हजार 373 छात्रों ने कॉलेज में प्रवेश लिया वहीं यह संख्या वर्ष 2022-23 में 48 प्रतिशत बढ़कर 3 लाख 35 हजार 139 हो गई है। जो कि 2018-19 की तुलना में एक लाख 8 हजार 766 अधिक है। कॉलेज में पढऩे वाले छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विगत 4 वर्षों में कुल 33 नवीन शासकीय एवं 76 अशासकीय महाविद्यालय की स्थापना की गई है। छत्तीसगढ़ में 285 शासकीय महाविद्यालय, 12 अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय एवं 252 अनुदान अप्राप्त अशासकीय महाविद्यालय संचालित हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 09 राजकीय एवं 15 निजी विश्वविद्यालय संचालित है।

बिलासपुर से रायगढ़ की दूरी को ध्यान में रखते हुए रायगढ़ में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। शैक्षणिक स्तर को ऊँचा करने के उद्देश्य से प्रदेश में शासकीय महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के कुल 27 विषयों पर 1384 रिक्त पदों के लिए भर्ती जारी की गई थी, जिसमें से 1167 अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके हैं। इसके अलावा ग्रंथपाल, क्रीड़ा अधिकारियों सहित अन्य शैक्षणिक और अशैक्षणिक पदों पर भी भर्ती की गई है।

उच्च शिक्षा में लड़कियों को प्रोत्साहन देने के लिए 26 कन्या महाविद्यालय का संचालन किया जा रहा है। अन्य महाविद्यालय में सह-अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। वर्ष 2018-19 में जहां 91,982 छात्रों की तुलना में 1,34,391 छात्राओं ने कॉलेज में एडमिशन लिया वहीं 2022-23 में यह बढ़कर छात्रों की संख्या 1,28,310 एवं छात्राओं की संख्या 2,06,829 हो गई है। जो की छात्रों की तुलना में छात्राओं का संख्या 61 प्रतिशत अधिक है। यह एक सुखद संकेत है की महिलाएं अपनी शिक्षा को लेकर काफी जागरूक है।

# एक्स्ट्रा अलर्ट रहकर कार्य करें थाना प्रभारी और जवान : एसएसपी

- एसएसपी सदानंद कुमार ने वर्चुअल क्राइम मीटिंग में थाना प्रभारियों को निर्देश
- स्थाई वारंटियों की तामिली के स्तर पर जताए असंतोष, फरार आरोपियों और स्थाई वारंटियों की लिस्टिंग कर कार्यवाही के दिए निर्देश

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना/चौकी प्रभारियों के साथ वर्चुअल क्राइम मीटिंग लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि क्राइम मीटिंग वन-टू-वन होनी थी पर परिस्थितियों के अनुरूप वर्चुअल मीटिंग रखा गया है। उन्होंने वर्तमान समय को देखते हुए पुलिस अधिकारी और जवानों को एक्स्ट्रा अलर्ट रहकर कार्य करने की आवश्यकता बताये।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा धरमजयगढ़ अनुविभाग के थानों से क्राईम मीटिंग की शुरूवात कर सभी थानों के लंबित अपराध, लंबित मर्ग, शिकायत, गुम इंसान, फरार आरोपियों पर कार्यवाही, समंस/वारंटों की तामिली तथा थाने के अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी लेकर समीक्षा किया गया। एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा पिछले क्राइम मीटिंग में दिए गए निर्देशों के अनुरूप संतोषजनक कार्यवाही नहीं पाये जाने पर कई थाना प्रभारियों को फटकार लाये। उन्होंने 15 दिन का टारगेट देकर सभी प्रभारियों को 2023 से पहले के लंबित अपराधों, मर्ग का निकाल कर अच्छा कार्य कर दिखाने कहा गया है।

मीटिंग में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा एडिशनल एसपी संजय महादेवा को समंस, वारंट सेल के माध्यम से जिले के सभी स्थायी वारंटियों और फरार आरोपियों की स्टेट वाइज लिस्टिंग कर वारंटी और फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम तैयार कर दिगर प्रांत शीघ्र भेजने निर्देशित किया गया है। गुम नाबालिगों की जांच में साइबर सेल की मदद से खोजबिन का सार्थक प्रयास करने कहा गया है तथा प्रत्येक भूमि विवाद एवं प्रतिबंधक कार्यवाही में पृथक से बाउंड ओव्हर की कार्यवाही का निर्देश दिया गया है। सड़क दुर्घटना के दर्ज मामलों में त्वरित रूप से जांच के निर्देश दिए जिससे पीड़ित परिवार को शीघ्र मुआवजा, क्षतिपूर्ति राशि दिलाया जा सके।

एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा थाना चौकी प्रभारियों को क्षेत्र के सभी सामाजिक संगठनों, जन प्रतिनिधियों, ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों से लगातार संपर्क में रहने के निर्देश दिये तथा समय-समय पर धार्मिक आयोजन, समाजिक रैली इत्यादि के आयोजन पूर्व प्रशासनिक अमले के साथ संगठनों से चर्चा कर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया है। उनके द्वारा सोशल मीडिया व्हाट्सएप इत्यादि का थाना प्रभारियों को बेहतर उपयोग करने की हिदायत दिए तथा पूर्व की भांति विजुअल पुलिसिंग पर फोकस करने कहा गया है।

# श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी : 20 लोग घायल, इनमें से 6 की हालत गंभीर

**पेंड्रा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में पिकअप वाहन में सवार 20 श्रद्धालु घायल हो गए।



इनमें से 6 लोगों को अधिक चोटें आई है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि ये सभी मुंडन कार्यक्रम से लौट रहे थे। हादसा अमरकंटक-गौरेला मुख्य मार्ग पर स्थित चुक्तिपानी गांव के पास हुआ।

जानकारी के अनुसार, अमरकंटक से नर्मदा दर्शन कर वापस अपने घर लौट रहे श्रद्धालु हादसे का शिकार हो गए। सभी मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के भेलवा गांव के रहने वाले हैं। श्रद्धालुओं से भरी पिकअप वाहन तेज रफ्तार से आ रही थी। रफ्तार अधिक होने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और चुक्तिपानी गांव के पास अंतिम घाट पर पलट गया। इसमें 20 लोग घायल हो गए, जिसमें से 6 लोगों को अधिक चोटें आई है। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि ये सभी मुंडन कार्यक्रम के लिए अमरकंटक गए थे।

# ईद उल फितर, परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया को लेकर लिया गया शांति समिति की बैठक

- पुलिस कंट्रोल रुम में जनप्रतिनिधियों और समाज प्रमुखों के साथ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने किया चर्चा

**रायगढ़।** जिले में सभी धर्मों के त्यौहारों को एक साथ बड़े उत्साह और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाये जाने की परंपरा रही है। आगामी 22 अप्रैल को अक्षय तृतीया, परशुराम जयंती और ईद उल फितर का पर्व मनाया जाएगा जिसे लेकर पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महापौर रायगढ़ जानकी काटजू, नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, एडिशनल एसपी संजय महादेवा, प्रशिक्षु(IPS) उदित पुष्कर , एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के साथ जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न समाज प्रमुखों, गणमान्य नागरिकों और मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।



अधिकारियों द्वारा कहा गया कि जिले में शांति और सद्भाव के साथ मिल जुलकर त्यौहार मनाए जाने की परंपरा रही है। इस शांति और भाईचारा को बनाए रखने का दायित्व हम सब की जिम्मेदारी है, इसलिए त्यौहार में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस का पूरा सहयोग करें। उपस्थित प्रबुद्धजनों ने प्रशासन और पुलिस का पूरी तरह सहयोग करना बताये।

शांति समिति की बैठक में पर्व में व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रमों को लेकर चर्चा किया गया जिसमें मुस्लिम समुदाय प्रमुखों के द्वारा सुबह मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी बताये, वहीं हिन्दु धर्मावलंबी परशुराम जयंती पर शहर में शोभायात्रा निकाले जाने की जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा आयोजन समिति से शोभायात्रा के रूट की जानकारी लिया गया और संबंधित अधिकारियों को शोभायात्रा रूट में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में ईदगाह स्थल पर साफ सफाई एवं आसपास बैरिकेडिंग की व्यवस्था को कहा गया जिसमें नगर निगम को साफ सफाई एवं यातयात पुलिस के साथ बैरिकेडिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने बताया गया है।

मुस्लिम समाज प्रमुखों द्वारा जानकारी दिया गया कि 22 अप्रैल को नूरी मस्जिद (छोटी मस्जिद) में सुबह करीब 6:30 बजे नमाजी एकत्र होंगे 7:00 बजे नूरी मस्जिद में नमाज अदा की जाएगी। इसी प्रकार ईदगाह में 7:30 बजेय नया चांदमारी ईदगाह में 8:30 बजे और जामा मस्जिद में सुबह करीब 9:00 बजे नमाज अदा का समय तय किया गया है। इसके अलावा पतरापाली जिंदल में भी नमाज अदा किया जावेगा । वहीं अक्षय तृतीया में विशेष खरीदारी को लेकर बाजारों में भीड़ में व्यवस्था लगाने एडिशनल एसपी द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक को आवश्यक बल लगाने निर्देशित किया गया है। एडिशनल एसपी बताये कि रायगढ़ पुलिस कि सोशल मीडिया सेल सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म में नजर रखे हुये हैं आपत्तिजनक सामग्री और लोक शांति प्रभावित करने वाले पोस्ट करने वालों पर कड़ी कार्यवाही किया जाएगा।

बैठक में अनिल शुक्ला, राकेश पांडे, दीपक पांडे, अनिल अग्रवाल (चीकू), आशीष जयसवाल, सलीम नियारिया मुबसिर, मोहम्मद आवेश, विनय दुबे, सुनील तिर्थानी, मुबस्सिर हुसैन, मोहम्मद वसीम, लीलाधर बानू खुंटे, आशीष उपाध्याय, किरण कुमार पंडा, पिंटू सिंह, चंद्रमणी बरेठ, सुरेश गोयल दिव्यांश पांडे, थाना प्रभारी चक्रधर नगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर, थाना प्रभारी जूट मिल निरीक्षक रामकिंकर यादव, डीएसबी प्रभारी एसआई डिलेश्वर साहू उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480